आज अनुशासन, अनुशासन की बात हो रही है तो मै जानना चाहूगा कि हिटलर के अनुशासन एटली के अनुशासन और स्टालिन के अनुशासन, मे कुछ फर्क है या इसके अनुशासन में फर्क नही है ? इस पर जरा गहराई से सोचा जाना चाहिए और मैं समझता हू कि फर्क है । एटली का अनुशासन, एक जनतंत्रीय प्रणाली पर चलने वाली सरकार का अनुशासन भिन्न होगा, एक तानाशाही, एक अधिनायक वादी प्रणाली पर चलने वाली सरकार का अनुशायन भिन्न होगा; इन तीनों का अनुशासन एक नही हो सकता। अनुशासन की परिभाषा बनानी होगी एक ढाचा बनाना होगा । आज कांग्रेस सरकार का अनुशासन क्या है ? माननीय मत्री जी को ऐसे नियम बनाने के पूर्व जरा पुलिस संगठन के इतिहास का भी अध्ययन करना चाहिए था । 1915 ई० में गवर्नमेंट आफ इडिया ऐक्ट में पुलिस शक्ति को सर्विस के रूप में माना था, मगर जब 1935 का ऐक्ट आया तो उसमे हालात बदल गये। 1935 के ऐक्ट मे पुलिस के स्वरूप को बदल दिया गया और उसे सिविल सर्विस से कुछ भिन्न माना गया, मगर 26 जनवरी 1950 को फिर पुलिस को सिविल सर्विस के रूप में हमारे संविधान में माना गया। बिना संविधान का परिवर्तन किये, बिना संविधान कोई तब्दील किये, इस तरह का जो नियम है वह कानून को भी रेप करता है कास्टीटयूशन को भी किडनैप करता है। इस नियम के अनुसार न तो कही ऐक्ट रह गया और न कास्टीट्यूशन रह गया । यह क्या है। 12 दिसम्बर 1966 के तीसरे रूल को जरा देखा जाय । वह यह है :

"*Additional purposes for which a member of a police-force not to participate in, or address, any meeting, etc*—No member of a police-force shall participate in, or address, any meeting or take part in any demonstration organised by any body of persons—

(a) for the purpose of protesting against any of the provisions of the Act or these rules or any other rules made under the Act; or

(b) for the purpose of protesting against any disciplinary action taken or proposed to be taken against him or against any other member or members of a police-force; or

(c) for any purpose connected with any matter pertaining to his remuneration or other conditions of service or his conditions of work or his living conditions, or the remuneration, other conditions of service, conditions of work or living conditions, of any other member or members of a police-force:"

यह रूल है। मै जानना चाहता हूं सदन के सम्मानित सदस्यों से कि यह रूल क्या है। यह रूल कहता है कि पुलिस फोर्स का कोई मेम्बर अपनी मांग के लिये अपनी सेवा की शर्तों के लिये जिस हालत में रखा गया है उस हालत के विरोध के लिये न तो कोई मीटिंग कर सकता है, न कोई डिमास्ट्रेशन कर सकता है, न कही कोई चीज बोल सकता है। यह किसी डेमोक्रेटिक गवर्नमेंट का नियम होगा। मै चाहता हूं कि गाधी जी को साक्षी कर अपने ईमान और जनतंत्र को साक्षी कर बताये इस सदन के सभी सम्मानित सदस्यों से पूछना चाहता हूं कि क्या यह जनतंत्री सरकार का नियम है।

श्री अकबर अली खान (आंध्र प्रदेश) : आप डेमोक्रेटिक कंट्रीज के पुलिस के रूल्स रेगुलेशन्स का मुलाहिजा फर्मा चुके है।

श्री राजनारायण : जी हां, बैठिये। मैं पुलिस आन्दोलन में रह चुका हूं, मै जेल भी जा चुका हू। मै आपके जरिये श्री अकबर अली खान को बता दू कि हमारे इसी मुल्क में 11 सूबों में पुलिस एसोसियेशन है। मैं श्री अकबर अली खान को बताता हू कि जब श्री लाल बहादुर शास्त्री हमारे यहा वर मंत्री थे तो हम बनारस में गिरफ्तार हुए, हमारे साथ और गिरफ्तार हुये। यह मसला उठा कि पुलिस का संगठन बनना चाहिये या नहीं, लाल बहादुर शास्त्री जी ने कहा कि नही। उस वक्त आचार्य नरेन्द्रदेव जिंदा थे, काशी विश्वविद्यालय के वाइस-चांस्लर थे, आचार्य नरेन्द्र देव जीने लाल बहादुर शास्त्री जी को पूरा ब्रिटिश पुलिस सिस्टम लेकर के भेजा और लाल बहादुर शास्त्री जी से कहा कि तुम काशी विद्यापीठ के स्नातक हो, तुम कह क्या रहे हो। तो उत्तर प्रदेश में पुलिस संगठन है, वहां पुलिस संगठन बना।

श्री एम० पुरकायस्थ (आसाम) : एसोसियेशन है :

श्री राजनारायण : नाम के झगड़े में न जायं, एसोसियेशन कहे, सगठन कहे, पुलिस कर्मचारी सघ कहें उनसे हमें कोई मतलब नही, मगर हम तथ्य बता रहे हैं। आज पुलिस संगठन राज्यों में है। वह अपनी मीटिंगे करते हैं अपनी मागों के बारे में बोलते है। अभी तक केवल एक झगड़ा उठना था कि पुलिस के संगठन के पदाधिकारी पुलिस सेवा में जो आज है वही रहें या आउट-साइडर रहे। हमारा कहना था कि पदाधिकारी आउटसाइडर रहे। आउटसाइडर पदाधिकारी नहीं रहे इस पर बहुत बहस हुई है। जो सेवा में इस समय मौजूद है उसकी अंगली दबती है और उसकी अंगुली को दबा कर जो कलेक्टिव माग होती है उन मांगों को तिरस्कृत करने की साजिश बड़े अफसर किया करते है। आखिर लखनऊ में जो यह झगड़ा चला, जहा आर्मी और आर्मड फोर्स गई उसका कारण क्या था। वहां पर उसका चेयरमैन एक्स-पुलिसमैन था मगर उन्होंने कहा कि एक्स-पुलिसमैन से भी हमारे लिये खतरा है। आज चाहे आई० जी० हो चाहे वह डी० आई० जी० हो, चाहे वह एस० एस० पी० हो, चाहे एस० पी० हो, जो उसके नीचे है वह उसका खुदा बना हुआ है। जरा श्रेणी देखी जाये। जो पुलिस का छोटा जवान है उसका खुदा हैड कान्स्टेबिल है, हैड कांस्टेबिल का खुदा छुटका दरोगा है, छुटका दरोगा का खुदा बड़का दरोगा है, बड़का दरोगा का खुदा सर्किल इंस्पेक्टर है, सर्किल इंस्पेक्टर का ए० एस० पी० है, ए० एस० पी० का एस० पी० है, एस० पी० का एस० एस० पी० है, एस० एस० पी० का डी० आई० जी० है और फिर डी० आई० जी० का आई० जी० है। एकदम सीढ़ी लगी हुई है और एक का खुदा दूसरा बना हुआ है।

पंडित श्याम सुन्दर नारायण तन्खा : (उत्तर प्रदेश) : डि० वाई० एस० पी० तो रह गया।

श्री राजनारायण : उसको भी जोड़ दो।

तो मै बड़ी ईमानदारी के साथ, बड़ा चिन्तित हो कर, पूछ रहा हू कि यह क्या है। अनुशासन रहेगा या अनुशासन नहीं रहेगा। कोई भी सरकार जो आज यहां की पुलिस की ज़बान को बन्द करा कर के अनुशासन रखना चाहेगी वह अनुशासन नही रख पायेगी, उसमें उफान आयेगा, उसमे विस्फोट होगा जो भावनायें दबाते है वह समझें कि भावनायें क्या है। जैसे कि दूब है, जब जेठ की दुपहरी आती है तो उसकी आग में वह झुलस जाती है मगर जरा से बरसात के पानी के पड़ने पर लहलहा जाती है उसी तरह से भावनायें है। आज श्री चव्हाण साहब

[श्री राजनारायण]

और श्री शुक्ला साहब समझते होंगे कि पुलिस आन्दोलन को दबा दिया लेकिन मै कहना चाहता हू कि यहां का पुलिस आन्दोलन दबा नही है, यह उस बरसात के पानी को देख रहा है, और जहा बरसात का पानी पडा तो इतनी तेज़ी से भभकेगा कि उस भभकने में पता नही कौन-कौनसी ताकतें जल कर क्षार हो जायेंगी। इसलिए मै एक चेतावनी के रूप मे कहना चाहता हूं। श्री भडारी जी को मुबारकबाद देता हूं कि इन के नाम से यह प्रस्ताव अच्छा आया, मै इनको धन्यवाद देता हूं, इस प्रस्ताव को माने और इस प्रस्ताव को मान कर के इन नियमो को हमेशा के लिये वापस ले। कायदे के अनुसार हमने उसमे भाग लिया था जब यहा श्री हाथी जी बोले थे, भंडारी जी ने बिल्कुल ठीक कहा कि यहा पर आश्वासन दिया गया था कि हम संगठन के हक को छीनना नही चाहते,सरकार उनके भाषण की स्वतन्त्रता का अपहरण करना नही चाहती,मगर यह क्या है। इस पवित्र आदरणीय सदन मे सरकार की ओर से जो वायदा किया गया था उन वायदों की इन नियमो के जरिये यह सरकार हत्या कर रही है, उन वायदों को खत्म कर रही है, कत्ल कर रही है। क्या यह सदन का अवमान नही है।

श्रीमन्, आप नियमो और कानूनो के ज्ञाता हो, मै विनम्रता के साथ आपसे पूछना चाहता हूं, सरकार ने इस आदरणीय सदन को आश्वासन दिया और उसकी आत्मा को और उसकी शक्ति को नियमो के जरिये बदल कर के खत्म कर दिया जाय, क्या यह सदन का अपमान नही है। इससे बढ़ कर मै समझता हू कि सदन का अवमान और कोई हो नही सकता और यह नियम शुद्धतः इस सदन का अवमान करता है क्योंकि सरकार की ओर से एक वायदा किया गया था उस वायदे को सरकार ने हटा दिया और कानून मे जितनी ताकत, जितनी शक्ति और जितनी सहूलियत पुलिस सगठन के बनाने में दी गई है उसको भी इस नियम और उपनियम के अन्दर ले लिया गया। स्वाहा।

अब आगया अप्रैल, दिसम्बर और अप्रैल के बीच चार महीने होते हैं कि नही रूस की क्रान्ति कब हुई थी? 1917 की फरवरी मे हुई थी। इसके बाद आ गया अक्टूबर की क्रान्ति, लेनिन वाली। अब एक तो दिमाग आ गया दिसम्बर, दूसरा दिमाग आ गया अप्रैल। अब अप्रैल मे क्या कहते है? अप्रैल में कहते है अब हम पढ़े क्या, भाषा की ही केवल तबदीली है.

"Provided nothing contained in clause ('e) shall preclude a Member of a Police Force from participating in a meeting which is convened by an Association, of which he is a Member and which has been accorded sanction under sub-section (j) of section 3 of the Act."

यह अप्रैल में है, यह अप्रैल मे इम्प्रूवमेन्ट है। लेकिन यह इम्प्रूवमेन्ट देखने में है वस्तुत. यह इम्प्रूवमेट नही है। यह भाषा मे इम्प्रूवमेट है एक हाथ से थोड़ा दिया दूसरे हाथ से लिया। फिर क्या कह दिया :

"Provided that the Inspector-General of Police may, by general or special order, having regard to the objects of the meeting, and other relevant factors, permit any meeting."

जब तक इन्सपेक्टर जनरल साहब बहादुर इनको मीटिंग करने की इजाजत नही देंगे, तब तक ये मीटिंग नही कर सकते। अब ज़रा सदन के माननीय सदस्य समझ लें कि इन्सपेक्टर साहब बहादुर क्या उनको इजाजत देंगे। जैसा कि हम कहते है वही का पुलिस का इन्सपेक्टर हो या एस० एस० पी० हो या एस० पी० हों श्रीमन् यह तो आप जानते ही हैं कुछ लोग कहेंगे कि तुम अपनी ही बात कहते

हो--क्योंकि हम समझते है कि हम से ज्यादा बार भारतवर्ष में कांग्रेसी राज में कोई जेल नहीं गया , तीस बार हमें जेल हो गई कांग्रेसी राज में । तो हर बार पुलिस का मुकाबला पड़ता है । यानी पुलिस का अनुशासन क्या है ? एक दरोगा है--उस दरोगा को इनाम भी मिला है प्रेसीडेन्ट का--वह काशी विश्व-विद्यालय के पास रात मे थाने के सिपाहियों को ले जाता है और कहता है कि चलो, थोड़ी सी छूछी फायर कर दो और छूछी फायर करवाता है, और कुछ दूध ले जाने वालों को पकड़ कर ले आता है और कहता है देखो, हमने डकैतों को पकड़ लिया है। अगर ऐसे दरोगा के विरुद्ध पुलिस का सिपाही हाथ उठाए तो क्या हर्ज की बात है ? कौन ऐसा दरोगा के विरुद्ध अनुशासन की बात करेगा । हर जगह यह बना हुआ है। यही मैंने सदन के सम्मानित सदस्यों को बताया है, और शुक्ल जी भी जानते है, वह जो अलंकार लिमिटेड कम्पनी है, मुझे बताया गया है यहां के नागरिक मोर्चे की ओर से कि वह जो अलंकार कम्पनी है जो कि एक नक्शा बना रखे हैं . . . यहां मै एक बात को जानकारी करा दू कि कल रात मुझे मालूम हुआ, कि पजाब सरकार ने उनको यह लिख दिया है कि इनके पास जाच से मालूम हुआ है कि कहीं प्लाट नहीं है; नकशे पर ही प्लाट है, इससे कोई रोजगार, कोई सौदा, नहीं करे ।

उपसभाध्यक्ष (श्री महाबीर प्रसाद भार्गव) : राजनारायण जी, आपको मै बता दू कि 15 मिनट का समय हो चुका है ।

श्री राजनारायण : आप घंटी बजा दिया कीजिये, हम समझ जायेगे ।

उपसभाध्यक्ष (श्री महाबीर प्रसाद भार्गव) : घंटी बजाना पसंद करते हैं तो लीजिये यह घंटी बजा दी। (*Time bell rings*).

श्री राजनारायण : हम समझते है पहली घंटी बजती है तो दस मिनट, दूसरी बजती है तो 15 मिनट ।

उपसभाध्यक्ष (श्री महाबीर प्रसाद भार्गव) : नहीं ऐसा नही ।

श्री राजनारायण : खैर, जितना हमें कहना था कह दिया है । हम फिर इस बात को सफाई के साथ कहना चाहते हैं । मैं चाहता हूं कि श्री शुक्ल इन नियमों को आज यहां वापस कर लें और एक दो दिन में हम लोग बैठे, सचमुच हम गंभीरता से बैठें, आखिर शुक्ल जी भी आदमी हैं, उनके दिल मे भी प्रेम होगा पुलिस वालों से, आखिर उनके दिमाग को नरक कुंड के किसी कीड़े ने चाट कर चलनी कर दिया जिससे ऐसा आदमी यह बना । तो हम सुधारना चाहते है । ये हमारे साथ बैठें, हम उनके साथ बैठें और दूसरे लोग बैठें, सोच समझ दस पंद्रह दिन बैठें कि पुलिस संघर्ष कैसे चला क्योंकि मुल्क को न शुक्ल जी खराब करना चाहते है न राजनारायण खराब करना चाहते है, न भडारी खराब करना चाहते हैं । समस्या का समाधान होना चाहिये । कैसे समाधान हो ? समस्या का समाधान करने के लिये आपस मे विचार विनिमय की नितात आवश्यकता है । पढो, तमाम दुनिया की तवारीख पढो पुलिस आंदोलनों को पढो । मुझे हैरत है, श्रीमन्, कि श्री रामानन्द तिवारी, जो पुलिस आन्दोलन का कुशल नेतृत्व कर चुके है और आज पुलिस विभाग के मिनिस्टर है बिहार में, रामानन्द तिवारी यहां आये पिछले पुलिस आन्दोलन के समय में . . .

श्री अकबर अली खान : आप पहले फरमा चुके ।

श्री राजनारायण : सुनिये, हल्ला न करे अकबर अली साहब । कांग्रेस की मीटिंग में (*Time bell rings*) जाना है तो उनको छुट्टी दे दो चले जांय । हल्ला मत करो ।

उपसभाध्यक्ष (श्री महाबीर प्रसाद भार्गव): राजनारायण जी जो कुछ कहना हो मुझ से कहिये ।

श्री राजनारायण : हां मैं आपसे ही कह रहा हूं इनको छुट्टी दे दीजिये । एक बात और मैं कहना चाहता हूं आपसे कि राज्य सभा में कुछ उमर के लोग आएं इसका भी अनुशासन होना चाहिये क्योंकि राज्य सभा का अपना खुद का काम है । ये बेचारे लोग आते है तो थक जाते है, जहां 5 बजे इनका अपना नियम होता है कि घर जाकर अपना कुछ नाश्ता पानी करेंगे इसलिये कहते है जल्दी भागो जल्दी भागो । अरे हम लोग भी हैं, हम लोग तो जवान हैं, अकबर अली साहब तो बुड्ढे हो गये हैं, उनको ज्यादा खायें तो पचेगा नहीं । वे हल्ला क्यों करते हैं ।

मैं बहुत ही चिंतित हो कर कहता हूं और मैं दिभाग के बैकग्राउंड को पढ़ना चाहता हुं सही तरीके से । इसलिये मैं श्री विद्याचरण जी शुक्ल से अदब के साथ अर्ज करना चाहता हूं कि हे विद्याचरण जी, आप विद्या की शरण मे जाओ, विद्या की शरण में जाकर विद्या को चरण का दास मत बनाओ बल्कि विद्या की शरण में जाओ और विद्या शरण मे जाकर इस नियम को तत्काल, फौरन, अपने यहां से हटाओ, तमाम विरोधी दलों का सम्मेलन बनाओ, जो तमाम बड़े बड़े और लोग, जानकार हैं, उनको बुलाओ, और समझो कि इस समय अजीब हालत पैदा हो गई है चाहे पुलिस हो व चाहे वह विद्यार्थी हो चाहे वह राज्य कर्मचारी हो, वगैरह, सबके बारे में एक सम्यक व्यापक दृष्टिकोण लेकर कोई न कोई रास्ता निकालना चाहिये । आज मैं पढ़ रहा था बिहार के एजुकेशन मिनिस्टर का, हमारी पार्टी का ही लम्बा चौड़ा बयान आया विद्यार्थिओं के लिये कि भाई घेराव न करो मुजफ्फ़रपुर में । हमने कहा, भाई समस्या का समाधान करना होगा, यानी हमको अंग्रेजों की सूरत से नफ़रत नही थी, हमको अंदाज़े कुमत से नफ़रत थी अगर वही अंदाज़े हुकुमत है जो अंग्रेजों की थी वह कांग्रेस की है तो कांग्रेस से नफ़रत है, वही अंदाज़े हुकुमत जो कांग्रेस की थी संयुक्त विधायक दल की है तो संयुक्त विधायक दल से नफ़रत है, वही अंदाज़े हुकुमत जो संयुक्त विधायक दल की अगर एस०एस० पी० की है तो एस०एम०पी० से भी नफ़रत है ।

संसद्-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री आई० के० गुजराल): कब तक होगी ?

श्री राजनारायण : जब होगी, चार महीने पहले संयुक्त विधायक दल के बारे मे बोल दिया था कि *(Time bell rings.)*

उपसभाध्यक्ष (श्री महाबीर प्रसाद भार्गव): राजनारायण जी, तीसरी घंटी बज गई ।

श्री राजनारायण : तो मैं यह निवेदन कर रहा हूं कि अगर हमारे इस साधु सुझाव से विद्याचरण शुक्ल के मस्तिष्क मे कोई प्रभाव पड़ा तो हम अपने को धन्य समझेंगे और सदन के सम्मानित सदस्यों को और खास कर अपने अकबर अली खान साहब को आपके जरिये धन्यवाद देंगे कि वे यहां बैठकर 6 बज कर 10 मिनट पर भी, थकान की हालत पर भी हमारा संशोधन माननीय मंत्री से मनवाने में हमारी इमदाद करें ।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA): Mr. Vice-Chairman, Sir, this question regarding Delhi Policemen has been raised in this House from time to time.

श्री राजनारायण : हिन्दी में नहीं बोलोग ।

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: Very many times, we have indicated what we are doing for the welfare of the Delhi Policemen. We have also indicated what was the reason why some political elements entered the sphere of Delhi Policemen, vitiated the entire atmosphere and brought about the very tragic happenings. So I do not propose to go into all these things and I want to restrict my reply to mainly the points raised by hon. Members regarding the rules which are under discussion.

The hon. Member, Shri Bhandari, has said that certain assurances were given by my predecessor in office while he introduced this Police Forces Bill in this honourable House. The first assurance that was quoted was regarding the right of the policemen to present their grievances to the authorities. I beg to submit that this assurance has been amply fulfilled. Their Sangh has been duly recognised One of the purposes of this Sangh is to canalise and to present the legitimate grievances of policemen to the authorities who are capable of solving those grievances and to promote their welfare. The second assurance of the previous Minister in the Ministry of Home Affairs which was quoted was that there would not be any gagging of policemen. I beg to state that there has been no gagging of policemen Whenever they want to say anything about their own welfare or about their service conditions or whenever they want to say anything legitimate, there is no question of gagging them They have full freedom for saying these things to their authorities and nobody has restricted them in this right. But if that freedom of speech is interpreted to mean the raising of slogans or the making of political speeches, inflammatory speeches, then it can be said that these things have been stopped. I do say that these things have been stopped because they are not in conformity with the discipline that every police force in this country has to maintain.

SHRI AKBAR ALI KHAN: Not only in this country, but in every country.

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: Another point that was raised by Shri Bhandari was that these rules obstruct the legitimate functioning of the association which has been duly approved by the Government. Sir, may I submit that these rules not only do not obstruct the functioning of this association, but they are meant to facilitate the proper functioning of the association. As you know, the Act that was passed by this House only provides the basic structure of the scheme. The details of the functioning are regulated by these rules and these rules, if I may say so, are meant to spell out the way the association will function for the betterment of the police personnel themselves.

Some hon. Members have said that the ordinary life and morale—I think it was Shri Bhandari—should not be disrupted by the use of these rules which, in his opinion, were meant to do so. I have already submitted that these rules have a completely different purpose. Their purpose is to facilitate the proper and disciplined working of the police force. As hon. Members know, several State Police Forces have their associations and the activities of those associations are mainly welfare activities and this Sangh which has been recognised in the Union Territory of Delhi has also to function for the welfare of the police personnel Hon. Members also know that the rules of this association were agreed upon by the members of the Delhi Police Force Their representatives had discussions with the officers of the Delhi Police Force and both of them agreed upon the constitution, functioning and everything and after this agreement was achieved the Government accorded them the necessary recognition As the House

[Shri Vidya Charan Shukla.]

knows, this association was functioning well and we were looking forward to a good cooperation between the officers, the men of the Delhi Police Force and the Government. But some political elements intervened and the whole situation was vitiated.

As far as the demands of the policemen go, we have submitted before this House several times the actions that we have taken to promote their welfare. We have taken some urgent action about their housing. We have taken some *ad hoc* action about their various other grievances which we thought should be looked into and should be removed even before the report of the Khosla Commission was submitted to us and before we took decisions on those recommendations. We are very seriously examining the interim report of the Khosla Commission and I hope we will be able to take decisions on those recommendations soon.

SHRI SUNDAR SINGH BHANDARI: Could you indicate any specific time?

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: It would be very difficult to indicate any specific time except to say that whatever decisions we may take they will be for the benefit of the policemen.

Shri Rajnarain has raised the point that these rules are against the Constitution and against law. I may point out to the hon. Member who is a very well-read person, that article 33 of the Constitution provides:

> "Parliament may by law determine to what extent any of the rights conferred by this Part shall",

That means Part III of the Constitution—

> "in their application to the members of the Armed Forces or the Forces charged with the maintenance of public order, be restricted or abrogated so as to ensure the proper discharge of their duties and the maintenance of discipline among them."

And under this article of the Constitution several laws have been made by this Parliament and this Act which has been passed recently is the latest in this series. So there is nothing unconstitutional in these rules and as I have submitted, these rules have been made in pursuance of our policy to promote the welfare of policemen and so I appeal to this House to accept these rules and not to accept the motion moved by Shri Bhandari.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): The question is:

> "That in pursuance of sub-section (2) of section 6 of the Police-Forces Restriction of Rights) Act, 1966, This House resolves that the Police Forces (Restriction of Rights) Rules, 1966, published in the Gazette of India with the Ministry of Home Affairs Notification (G.S.R. No. 1892) dated the 12th December, 1966, and laid on the Table of this House on the . . .

श्री राजनारायण: इनका मोशन है, तो क्या इनको रिप्लाई देने का अधिकार नहीं है ?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): Have you to say anything?

श्री राजनारायण : हां, हां। उनको भी देना है और मुझे भी देना है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): No, no. You have nothing to say. But Mr. Bhandari did not rise up.

श्री सुन्दर सिंह भण्डारी : उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने इस बात को स्वीकार किया है कि जो पुलिस एसोसिएशन बना है, उसके जितने रूल्स और बाईलाज हैं, सब चीजें स्वीकार कर ली गई हैं। मैं समझता हूं कि उसमें इस बात की स्पष्ट

गुंजायश है कि कोई भी आदमी, कोई भी राजनैतिक दल से सबंध रखने वाला आदमी उसकी सभा में नहीं आ सकता है। इतना कहने के बाद कि यह पोलिटिकल स्पीच है, यह बात मेरी समझ में नहीं आई। यह एसोसिएशन जिसका सबंध किसी राजनैतिक दल से नहीं है,हो सकता है, उसमें किसी राजनैतिक दल का आदमी शामिल नहीं हो सकता है, अगर उसी एसोसिएशन का सदस्य अपनी बात को रखना चाहता है एसोसिएशन के सामने तो फिर यह पोलिटिकल स्पीच का हव्वा इसके साथ क्यों खड़ा किया जाता है।

श्री विद्याचरण शुक्ल वहां पर पोलिटिकल स्पीच देते हैं।

श्री सुन्दर सिंह भंडारी एसोसिएशन का आदमी जिसका किसी भी राजनैतिक पार्टी से कोई सबंध नहीं है वह वहां पर कोई भी चीज बोले, तो क्या आप उसको पोलिटिकल स्पीच करार देंगे ? इस तरह से तो आप एक ठप्पा लगाना चाहते हैं और इसका मतलब यह हुआ कि एसोसिएशन बनने के बाद भी, इतनी इस्क्रीनिंग करने के बाद भी उसके नियम, उपनियम स्वीकार करने के बाद भी आप उसका एसोसिएशन में बोलने का अधिकार नहीं देना चाहते हैं। जहां तक पोलिटिकल आर्गेनाइजेशन्स का सवाल है मैं समझता हूं कि इस एसोसिएशन के काम से और पोलिटिकल आर्गेनाइजेशन किसी सवाल पर क्या एटीट्यूड लेती है और पोलिटिकल आर्गेनाइजेशन अपने अपने दायरे में इनकी मांगों का समर्थन किस प्रकार से करती है ये रूल्स तो उनके पासंग में भी नहीं जा सकेंगे और ये रूल्स उनको अफेक्ट नहीं करते और इस कारण से जो राजनैतिक दल हैं . .

श्री राजनारायण : भंडारी जी, जरा एक स्पष्टीकरण कर दीजिये।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M P. BHARGAVA): No, no, Mr. Rajnarain.

श्री राजनारायण : He has yielded the floor to me. देखिये पार्लियामेंटरी प्रासेस में इनको आप से आर्डर लेकर ऐसा करने की आवश्यकता नहीं है। यह इनका अधिकार है और यह ईल्ड कर गये है।

भंडारी जी से यह मैं जरा जानना चाहता हूं कि पोलिटिकल स्पीच का मतलब क्या है। यह चाहे भंडारी जी समझायें, चाहे सरकार समझाये। धार्मिक स्पीच होनी चाहिये या नहीं जैसे .

"जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी
सो नृप अवस नरक अधिकारी"

यह रामायण का दोहा है।

"मैं तब दसन तोरिब लायक,
आयुसु मोहि न दीन्ह रघुनायक।
असि रिस होति दसौं मुख तोरौं,
लका गहि समुद्र मह बोरौं।"

अगर पुलिस कमचारी इस रामायण की चौपाई को पढ कर अपने धर्म को कहें कि अन्याय को सहन करना अन्याय है तो क्या यह पोलिटिकल माना जायेगा या धार्मिक माना जायेगा, यही मैं स्पष्टीकरण कराना चाहता हूं। धर्म और राजनीति का समन्वय है, इसको सरकार समझे।

श्री सुन्दर सिंह भण्डारी . मैंने भी इसी लिये यह निवेदन किया कि जब एक एसोसिएशन आपने बनाने की इजाजत दे दी है, कोई बाहर का आदमी उसमें भाग नहीं ले और फिर एसोसिएशन के काम में उनकी कौन सजा होनी चाहिये कौन-सी नहीं होनी चाहिये, इन सारे नियमों को

[श्री पुन्द : सिंह भंडारी]

रोकने के लिये, इन सारी पाबन्दियों को लगाने के लिये जो नियम आप बना रहे हैं, वे गैरवाजिब हैं। जहां तक बाकी राजनैतिक संगठनों का सवाल है न वे नियम से बंधे हैं और न आप उनको बांध सकते हैं। यह बात अलग है कि कौन-सा राजनैतिक दल इस दायरे में किस तरीके से चलना चाहता है। यह उसके सोचने का सवाल है। आप उसके लिये कोई नियम निर्धारित नहीं कर सकते। इस कारण से इन रूल्स में इस तरह की एक भावना लेकर के सब प्रकार की पाबंदियां लगाई गई हैं, यही मेरा इसमें आरोप था और मैं समझता हूं कि मेरा आरोप सही सिद्ध हुआ है कि आपने ज़बरदस्ती वहां की साधारण चीज़ों को राजनैतिक चश्मे से देख कर यह कानून यह नियम बनाने की कोशिश की है। इसीलिये मेरी मांग है कि यह नियम आप रद्द करिये। एसोसिएशन बनाने का जब आपने अधिकार दिया है तो उसकी व्यवस्था उनको ठीक प्रकार से करने की इजाज़त दीजिये।

आपने हाउसिंग के बारे में एक रकम मंजूर की, उसको एक अर्सा हो गया, कितनी मात्रा में मकान बने और उससे किस हद तक उनको सुविधाएं प्राप्त हुई। इस संबंध में सरकार का कोई स्पष्टीकरण नहीं हुआ, समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। एक बार एक रकम मंजूर हो गई। उसी को वर्षों तक दोहराते चले जायें और बाकी किसी सवाल को सुलझाने की कोशिश न करें, यह उनकी समस्याओं का समाधान करने की व्यवस्था एकदम नहीं है। अभी भी मैंने चाहा था कि आगे उस खोसला कमीशन की रिपोर्ट के लिये अगर आप कोई निश्चित समय निर्धारित करते तो लोगों को भी विश्वास करने के लिये अधिक अवसर मिलता। इसमें कोई शक नहीं है कि आप जो भी कदम लेंगे, वह उनकी भलाई के लिये लेंगे, मगर उनकी भलाई कब होगी, इसका जवाब आप ही दें और इसके लिये मुझे कुछ नहीं कहना है। मैं फिर चाहूंगा कि इन नियमों को रद्द किया जाये।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): The question is:

"That in pursuance of sub-section (2) of section 6 of the Police Forces (Restriction of Rights) Act, 1966, this House resolves that the Police Forces (Restriction of Rights) Rules, 1966, published in the Gazette of India with the Ministry of Home Affairs Notification (G.S.R. No. 1892), dated the 12th December, 1966, and laid on the Table of this House on the 7th April, 1967, be annulled.

This House recommends to the Lok Sabha that the Lok Sabha do concur in this motion."

The motion was negatived.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): The House stands adjourned *sine die*.

The House then adjourned *sine die* at twenty-five minutes past six of the clock.

GMGIPND—RS—909 RS—22-2-68— 620.